लाईव | घमापुर मार्ग में वाहनों के पहिये थमें, लगा जाम, पुलिसकर्मी अनदेखा कर आगे बढ़ गए

नशे से दूरी अभियान के बीच शराबी का हाईवोल्टेज ड्रामा

जाम और सड़क पर लेटा शराबी
अनदेखी कर निकला पुलिसकर्मी
शराबी पर पानी डालता युवक

नवभारत, जबलपुर। 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चल रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के बीच घमापुर मार्ग में गुरूवार शाम एक शराबी का उस वक्त हाईवोल्टेज ड्रामा देखने मिला जब वे अत्यधिक शराब के नशे में धुत होकर बीच सड़क पर ही लेट गया। शराबी की इस हरकत की वजह से वाहनों के पहिए थम गए और सड़क में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं वाहन चालक लगातार हॉर्न बजाते रहे, लेकिन शराबी टस से मस नहीं हुआ तभी वहां से वर्दी में एक पुलिस कर्मी की गाड़ी गुजरी लोगों को लगा कि पुलिसकर्मी अब इस शराबी को रास्ते से हटाकर ट्रैफिक सुचारू करवाएंगे। लेकिन पुलिस कर्मी ने गाड़ी रोकना भी मुनासिब नहीं समझा और भीड़ को देखकर आगे निकल गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शराबी नशे में इस कदर चूर था कि उसे अपनी जान और ट्रैफिक की कोई परवाह नहीं थी। वह व्यस्त सड़क के बीचों-बीच लेटकर हंगामा कर रहा था उसे अपने आसपास की कोई सुध नहीं थी। वह सड़क के बीचों-बीच लेटकर अजीबो-गरीब हरकतें कर रहा था। व्यस्त मार्ग होने के कारण गाड़ियों को अचानक ब्रेक लगाने पड़े थे और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

युवक की सूझबूझ, पानी की बौछारें मारी, रास्ते से हटाया

जब काफी देर तक ट्रैफिक नहीं खुला और लोग परेशान होने लगे, तब भीड़ में से एक जागरूक युवक सामने आया। उसने तुरंत पास की एक दुकान से बॉटल में पानी लाया और शराबी के चेहरे पर तेज बौछारें मारीं। चेहरे पर ठंडा पानी पड़ते ही शराबी हड़बड़ाकर उठ बैठा। नशा थोड़ा कम होते ही युवक नेउसे पकड़कर सड़क किनारे किया। शराबी के हटते ही करीब आधे घंटे से ठप पड़ा यातायात दोबारा शुरू हो सका।

ऐसे में कैसे नशा मुक्त शहर बनेगा

विदित हो कि नशा मुक्त प्रदेश बनाने के लिए 15 जुलाई से 30 जुलाई तक पूरे प्रदेश में नशे से दूरी है जरूरी अभियान चल रहा है। जिले में अभियान के तहत जागरूक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। नशे दुष्प्रभाव बताने के साथ नशा न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। शपथ दिलाई जा रही है। नशे से दूरी का संदेश देने रैलियां निकाली जा रही है। प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही है लेकिन अब भी लोग जागरूक नहीं हो रहे है जो चिंताजनक है ऐसे में शहर कैसे नशा मुक्त शहर बनेगा ।

इनका कहना है

शराबी द्वारा सड़क पर लेटकर हंगामा किए जाने की सूचना नहीं है। अगर जाम की स्थिति निर्मित हुई होगी तो वहां दो पुलिस कर्मियों की ड्यूटी थी उन्होंने यातायात बहाल करवा दिया होगा।

शशि धुर्वे, घमापुर यातायात थाना प्रभारी

यूकां मामला : भूजल प्रदूषण के आरोपों पर हाईकोर्ट सख्त

एक्सपर्ट कमेटी को पानी की जांच के आदेश

नवभारत,जबलपुर। भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के आसपास के इलाकों में आज भी दूषित भूजल की आपूर्ति होने के आरोपों को मप्र हाईकोर्ट ने बेहद गंभीरता से लिया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को एक विशेषज्ञ समिति गठित कर किसी प्रामाणिक टेस्टिंग लैब से पानी के नमूनों की वैज्ञानिक जांच कराने के कड़े निर्देश जारी किये है। युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई तीन सितंबर को निर्धारित की गई है।

यह आदेश वर्ष 2004 से लंबित एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया गया, जिसे मूल रूप से स्वर्गीय आलोक प्रताप सिंह द्वारा दायर किया गया था। मामले की सुनवाई दौरान हस्तक्षेपकर्ताओं ने अदालत के समक्ष यह मुद्दा उठाया कि यूनियन कार्बाइड परिसर से जहरीले कचरे को हटाए जाने के दावों के बावजूद, आसपास के कई वार्डों में आम जनता को अब भी दूषित और जहरीला पानी मिल रहा है। इससे स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा बना हुआ है। हाईकोर्ट ने इन आरोपों को स्वास्थ्य के लिए बेहद चिंताजनक मानते हुए निर्देश दिया है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति के जरिए पानी के सैंपल ले और उनकी विस्तृत जांच रिपोर्ट 13 अगस्त तक अदालत के समक्ष प्रस्तुत करें। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई तीन सितंबर को निर्धारित की है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अदालत आगे की कार्रवाई और आवश्यक निर्देश जारी करेगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता खालिद नूर फखरुद्दीन ने पक्ष रखा।

संविदा शिक्षक को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि सेवा समाप्ति से जुड़े विवाद में कलेक्टर के अंतिम निर्णय तक संविदा शिक्षक की सेवाएं जारी रहेंगी। कोर्ट ने अंतरिम संरक्षण को यथावत रखते हुए स्पष्ट किया कि सक्षम प्राधिकारी के अंतिम निर्णय तक याचिकाकर्ता को सेवा से पृथक नहीं किया जाएगा।

दरअसल अनूपपुर जिले के प्राथमिक विद्यालय पतेरा टोला, छिल्पी में पदस्थ संविदा शिक्षक वंशीधर पटेल की ओर से अधिवक्ता केके पांडेय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि राजनीतिक दबाव के चलते बिना कारण बताओं नोटिस जारी किए और बिना सुनवाई का अवसर दिए याचिकाकर्ता की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। याचिका में यह भी कहा गया कि अनुचित दबाव नहीं मानने वाले अधिकारी को हटाकर नए अधिकारी की पदस्थापना की गई और पदभार ग्रहण करते ही उसी दिन सेवा समाप्ति का आदेश जारी कर दिया गया। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पाया कि इसी प्रकार के मामलों में पूर्व में भी न्यायालय दिशा-निर्देश जारी कर चुका है। कोर्ट ने उन्हीं निर्देशों को वर्तमान मामले में लागू करते हुए अंतरिम राहत जारी रखी और आदेश दिया कि कलेक्टर द्वारा अंतिम निर्णय लिए जाने तक याचिकाकर्ता संविदा शिक्षक के रूप में कार्य करता रहेगा।

एक नजर में

बीच सड़क पर युवा मचा रहे थे हुडदंग, ट्रक चालक ने बजाया हार्न तो मार दी चाकू, कांच तोड़ा

नवभारत,जबलपुर। खितौला थाना अंतर्गत पान उमरिया रोड ग्राम घुघरा तिराहा में युवा हुडदंग मचाते हुए नाच रहे थे जब ट्रक चालक ने रास्ते हटने के लिए हार्न बजाया तो वे भड़क गए और चाकू मार दिया। पथराव करते हुए ट्रक का कांच भी तोड़ दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मुकेश कुशवाहा निवासी ग्राम मोहला सिहोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ट्रक चलाता है ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 6022 में बुढ़ार से माल लोड कर अधारताल के लिये कल शाम लगभग 4-30 बजे निकला था उसके साथ ट्रक में क्लीनर दीपचंद गर्म निवासी धोरेसर पान उमरिया भी था रात लगभग 11-50 बजे पान उमरिया रोड ग्राम घुघरा तिराहा में एक काले रंग की कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 1454 बीच रोड में खड़ी थी तथा कुछ लड़के हुडदंग मचाते हुए रोड में नाच रहे थे, वह अपना ट्रक निकलाने के लिये हार्न बजाकर साईड मांगा तो उनमें से 2-3 लड़के साईड में आकर उसके साथ विवाद करते हुये हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे तथा एक लड़के ने चाकू से हमलाकर दाहिने पैर की जांघ में चोट पहुँचा दी उसने अपना ट्रक आगे बढ़ाने का प्रयास किया तो पत्थर से सामने का कांच तोड़ दिया, तीनों बोले कि ट्रक रोक नहीं तो जान से खत्म कर देगें। मारपीट करने वाले लड़कों की उम्र 25-30 वर्ष होगी।

युवक को बेरहमी से पीटा

नवभारत,जबलपुर। गोरखपुर थाने में सोराब खान निवासी रामपुर भैंसासुर मंदिर के सामने गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पीओपी का काम करता है। वह अपने घर के पास टहल रहा था तभी पड़ोस में रहने वाला शनि उर्फ अरमान अपने दोस्त राज बेन के साथ आया और उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो दोनों विवाद करने लगे,दोनों ने हाथ मुक्कों से मारपीट करते हुये उसे जमीन पर पटक दिया जिससे उसे सिर, पैर में चोट आयी उसका भाई शाकीब एवं मॉ बीच बचाव करने आये तो दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

लूटपाट करने वाले तीन लुटेरों को पुलिस ने दबोचा

नवभारत, जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत चाकू के दम पर लूट एवं झपटमारी करने वाले 3 लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से छीने हुये 2 मोबाईल, घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोटर सायकिल जप्त किया गया।

टीआई विपिन ताम्रकार ने बताया कि अमित खटीक 24 वर्ष निवासी गांधी वार्ड पनागर का 17- जुलाई को रात लगभग 10 बजे फैक्ट्री में काम से वापस अपने घर मोटर सायकल से जा रहा था रिछाई ब्रिज के ऊपर लगभग 10-20 बजे बाइक से 3 युवक पहुंचे और चाकू से हमला कर उसका मोबाइल, नकद आठ हजार यपए छीनकर भाग गए थे । इसी प्रकार 21 जुलाई को को रूची ठाकुर 19 वर्ष निवासी कटरा आदर्श नगर अधारताल की कटरा से लायब्रेरी जय प्रकाश नगर पैदल जा रही थी, जेपी हैल्थ क्लब के पास मोटर सायकिल से एक लडका आया और उसका बैग छीनकर भागने लगा, उसने दौडकर पीछा किया तो वह लडका उसके बैग मे रखा उसका मोबाईल निकालकर बैग को वहीं फेंक कर मोबाईल लेकर भाग गया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू की। सीसीटीव्ही कैमरों को खंगाला। फुटेज के आधार पर चिन्हित करते हुये कुनाल कोल पिता भग्गू कोल 19 वर्ष, छोटू उर्फ अभिषेक पिता सुदर्शन चौधरी 22 वर्ष दोनों निवासी महाराजपुर अधारताल को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, दोनों ने अपने साथी प्रिंस कोल के साथ रिछाई ब्रिज के उपर घटना कारित करना स्वीकार किया आरोपियों की निशादेही पर छीना हुआ मोबाईल एवं घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त किया गया। इसी प्रकार चिन्हित करते हुये तुषार रजक पिता लीलाधर रजक 25 वर्ष निवासी बस्ती नंबर 02 अमखेरा थाना गोहलपुर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर जे.पी. हैल्थ क्लब के पास से युवती का मोबाईल छीनना स्वीकार किया , आरोपी के कब्जे से झपटमारी किया हुआ मोबाईल तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एमके 7426 जप्त किया गया। फरार आरोपी प्रिंस कोल की तलाश जारी है । उल्लेखनीय है कि पकडा गया आरोपी कुनाल अपराधी प्रवृत्ति का युवक है जिसके विरूद्ध लूट, अवैध वसूली, मारपीट, के 5 अपराध दर्ज है।

घर के सामने बैठने पर हुई थी युवक की हत्या, कातिल फरार

नवभारत,जबलपुर। बरगी थाना अंतर्गत सालीवाड़ा चौराहा पर घर के सामने बैठने पर उपजे विवाद पर युवक की चाकू से गोद कर हत्या हुई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है।

पुलिस ने बताया कि बुधवार व गुरुवार की दरमियानी रात बैजनाथ यादव 34 वर्ष निवासी ग्राम सालीवाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह विद्या राजपूत की दुकान पर बैठा था उसका भाई नम्मीलाल उर्फ छोटू व रिश्ते के छोटे भाई संतोष यादव सालीवाड़ा चौराहा पर बैठकर बात कर रहे थे उसी समय घनश्याम केवट नम्मी संतोष के पास आकर बोला कि हमारे घर के सामने क्यों बैठे हो कई बार मना करने पर तुम लोग मानते नहीं हो, उसके भाई ने कहा कि गांव का चौराहा है यहां दुकान भी है इसलिये बैठे हैं तो घनश्याम केवट ने चाकू से हमलाकर उसके भाई नम्मी याादव को जान से मारने की नियत से पेट में चाकू मारकर चोट पहुँचा दी, संतोष बीच बचाव करने लगा तो संतोष को भी जान से मारने की नियत से चाकू से हमलकर सिर में पीछे तरफ, होठ के उपर चोट पहुँचा दी वह उनको बचाने गया तो उसे देखकर घनश्याम केवट भाग गया। गांव के लोगों की मद्द से भाई नम्मी को शासकीय अस्पताल बरगी लेकर आये फिर मेडिकल कालेज लेकर गये जहां संतोष यादव 40 वर्ष को भर्ती कर लिया तथा डाक्टर ने चैक कर उसके भाई नम्मी यादव 30 वर्ष को मृत घोषित र दिया। नम्मी यादव की हत्या घनश्याम केवट ने चाकू मारकर की है संतोष यादव को प्राणघातक चोटें पहुँचाई है।

नहीं पहुंची 108 और 112, तड़पता रहा घायल, समय पर नहीं मिला इलाज

परिजनों का आरोप है कि यदि आपातकालीन सेवाएं समय पर मिल जातीं, तो आज नम्मी जिंदा होता। मृतक के बड़े भाई बैजनाथ यादव ने बताया कि तुरंत आपातकालीन सेवा 108 एम्बुलेंस और पुलिस सहायता नंबर 112 पर कॉल किया था। परिजनों ने काफी देर तक वाहनों का इंतजार किया, लेकिन कोई मदद मौके पर नहीं पहुंची। अंततः, निराश होकर परिजन एक निजी वाहन की व्यवस्था कर नम्मी को बरगी के शासकीय अस्पताल लेकर भागे। बरगी शासकीय अस्पताल में घायल को प्राथमिक उपचार तो दिया गया, लेकिन उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जब परिजनों ने अस्पताल की सरकारी एम्बुलेंस की मांग की, तो उन्हें बताया गया कि गाड़ी का ब्रेक खराब है और वह चलने की स्थिति में नहीं है। परिजनों को एक बार फिर मजबूरी में निजी वाहन का सहारा लेना पड़ा। निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में ही नम्मी की स्थिति और बिगड़ गई और वहां पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। नम्मी की शादी करीब एक साल पहले ही हुई थी।

भाजयुमो ने चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर किया माल्यार्पण

नवभारत, जबलपुर। ह्यभारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो), जबलपुर महानगर द्वारा आयोजित 'आज़ाद प्रेरणा पर्व' के अंतर्गत अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती के अवसर पर चंद्रशेखर आज़ाद मंडल, महाराजा अग्रसेन वार्ड स्थित चंद्रशेखर आज़ाद पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि

अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद का अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और सर्वोच्च बलिदान हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर के साथ जिले के महामंत्री पंकज दुबे, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, पार्षद कमलेश अग्रवाल, रेणु कोरी, मंडल अध्यक्ष पुष्पराज पांडे सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान शुभम अरिहंत, शरद विश्वकर्मा, अंकित पाठक, रनेश खरे, पीयूष समदरिया, समरजीत फौजदार, रोहन वैद्य और करण चंदेल भी उपस्थित रहे।

महापौर ने दिया 'मोहन शशि मार्ग' नामकरण का आश्वासन

नवभारत, जबलपुर। नगर की प्रसिद्ध संस्था 'मिलन' के सूत्रधार, वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार एवं कवि स्वर्गीय मोहन शशि की स्मृति में दमोह नाका शांति नगर स्थित उनके निवास स्थान के सामने वाले मार्ग को 'मोहन शशि मार्ग' बनाए जाने को लेकर आज महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' से चर्चा हुई। इस दौरान महापौर ने मार्ग का नामकरण मोहन शशि मार्ग किए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर 'मिलन' के संयोजक वरिष्ठ हास्य कलाकार के.के. नायकर, प्रस्तावक हास्य कलाकार बलराम वर्मा, मृगेंद्र नारायण सिंह, डॉ. शोभा सिंह, डॉ. गीता गीत, राकेश खम्परिया, जगदीश पटेल, ईश्वर सिंह ठाकुर और डॉ. मुकुल तिवारी उपस्थित रहे। आगामी 2 सितंबर को मिलन की स्थापना दिवस के अवसर पर इस मोहन शशि मार्ग का लोकार्पण किया जाएगा।

एसबीसी चुनाव की मतगणना अंतिम चरण में

57,466 मतपत्रों की गिनती पूरी, कई प्रत्याशी बढ़त पर

नवभारत,जबलपुर। एमपी स्टेट बार काउंसिल निर्वाचन-2026 की मतगणना पिछले सवा माह से लगातार जारी है। गुरुवार को , रामपुर नैकिन, मझौली, चुरहट, सीधी, चितरंगी, सिंगरौली, बैढन, देवसर, ओरछा और जतारा की मतपेटियों की गिनती शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई।

उक्त चुनाव में वर्तमान रुझानों में राकेश सिंह भदौरिया, विवेक सिंह, आरके सिंह सैनी, जय हार्डिया और नरेंद्र कुमार जैन बढ़त पर हैं। महिला प्रत्याशियों में प्रवीण तिवारी, अन्नू पटेल, प्रतीका पाठक, रश्मि ऋतु जैन और प्रतिभा बालिया को बढ़त मिली है। प्रेस नोट के अनुसार अब तक 57,466 मतपत्रों की गणना हो चुकी है, जिनमें 55,484 मत वैध तथा 1,982 मत निरस्त पाए गए हैं। मतगणना प्रक्रिया 16 जून से जारी है और इसकी पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रतिदिन लाइव प्रसारण व आधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। शुक्रवार को टीकमगढ़ जिले की मतपेटियों की गणना की जाएगी।

जिला अधिवक्ता संघ का निरस्त चुनाव फिर लौटा पटरी पर

28 जुलाई को होगा पुनर्मतदान, 29 जुलाई को मतगणना

नवभारत,जबलपुर। जिला बार एसोसिएशन जबलपुर के पूर्व में निरस्त किए गए चुनाव के लिए नया निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने गुरुवार को अधिसूचना जारी करते हुए पुनर्मतदान की तिथि, मतगणना का कार्यक्रम तथा चुनाव संचालन के लिए समिति और चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की। अधिसूचना के अनुसार 28 जुलाई 2026 मंगलवार को सुबह साढ़े 10 बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इसके बाद 29 जुलाई को मतगणना लगातार की जाएगी। सबसे पहले अध्यक्ष, इसके बाद सचिव उपाध्यक्ष महिला उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, पुस्तकालय सचिव व अंत में कार्यकारिणी सदस्यों के मतों की गणना होगी। सभी पदों की मतगणना पूरी होने के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।

छह न्यायिक अधिकारी चुनाव पर्यवेक्षक रहेंगे

चुनाव की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा नामित छह न्यायिक अधिकारी चुनाव पर्यवेक्षक रहेंगे। वहीं मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव संचालन में सहयोग के लिए 12 अधिवक्ताओं को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। इनमें संजय सेठ, सुधाकर मणि पटेल, सरला पांडे, आशीष सिन्हा, जगदीश प्रकाश, अशोक पटेल, विकास पटेल, राजकमल चतुर्वेदी, समीर चिले, तुलसा कोस्ता, दिव्यकीर्ति बोहरे तथा नारायण भोसले शामिल हैं। पूर्व में चुनाव प्रक्रिया निरस्त होने के बाद जारी इस नए कार्यक्रम से जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच एक बार फिर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। प्रत्याशियों ने मतदान से पहले जनसंपर्क और समर्थन जुटाने का अभियान भी तेज कर दिया है।

लापरवाही | पेड़ पर चढ़कर दीवार फांद स्टेशन में दाखिल हो रहे यात्री

मदन महल स्टेशन की सुरक्षा में बड़ी सेंध, कहां है आरपीएफ?

नवभारत,जबलपुर। रेलवे यात्रियों की सुरक्षा को लेकर लगातार बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे, रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) और जीआरपी की तैनाती के साथ नियमित मॉनिटरिंग की बात कही जाती है, लेकिन मदन महल रेलवे स्टेशन की हकीकत इन दावों से बिल्कुल अलग नजर आ रही है। स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक-4 के पास स्थित उत्सव भवन के समीप एक ऐसा अवैध रास्ता बन गया है, जहां से लोग पेड़ पर चढ़कर और दीवार फांदकर सीधे रेलवे परिसर में प्रवेश कर रहे हैं। यह पूरा घटनाक्रम नवभारत के कैमरे में कैद हुआ है, जिसने स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह कोई एक-दो दिन की बात नहीं है, बल्कि लंबे समय से कई यात्री इसी रास्ते का इस्तेमाल कर रहे हैं। निर्धारित प्रवेश द्वार से स्टेशन में

जाने के बजाय लोग शॉर्टकट अपनाकर सीधे प्लेटफॉर्म तक पहुंच रहे हैं। इससे न केवल रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल रही है, बल्कि बिना जांच के किसी भी व्यक्ति का स्टेशन परिसर में प्रवेश आसान हो गया है। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी स्थिति में असामाजिक तत्व भी इसी रास्ते का फायदा उठा सकते हैं, जिससे यात्रियों और रेलवे संपत्ति की सुरक्षा पर खतरा बढ़ सकता है।

कौन है यह लोग ?

सबसे गंभीर पहलू यह है कि दीवार पार करने के लिए लोग पेड़ का सहारा ले रहे हैं। जरा-सी चूक होने पर कोई भी व्यक्ति नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो सकता है। वहीं यदि संतुलन बिगड़ने से कोई सीधे रेलवे ट्रैक पर गिर जाए तो बड़ा हादसा भी हो सकता है। बावजूद इसके मौके पर न तो पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम दिखाई देते हैं और न ही इस अवैध रास्ते को पूरी तरह बंद करने के लिए कोई ठोस कार्रवाई की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इस समस्या की जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई गई, लेकिन स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है।

बचते रहे ज़िम्मेदार

नवभारत ने जब इस पूरे मामले को लेकर रेलवे प्रशासन, रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया तो अधिकांश अधिकारी कुछ भी कहने से बचते नजर आए। अधिकारियों की यह चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। जब स्टेशन पर चौबीसों घंटे निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था का दावा किया जाता है, तो फिर यह अवैध प्रवेश लगातार कैसे जारी है? क्या नियमित गश्त और मॉनिटरिंग केवल कागजों तक सीमित है? यदि भविष्य में इस रास्ते से प्रवेश करने के दौरान कोई यात्री हादसे का शिकार हो जाए या कोई असामाजिक तत्व इसी रास्ते का इस्तेमाल कर किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे दे, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? अब निगाहें रेलवे प्रशासन पर हैं कि वह इस गंभीर सुरक्षा चूक को रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाता है या फिर किसी बड़े हादसे के बाद ही व्यवस्था जागती है।

ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने की थी आत्महत्या

पति और सास पर मामला दर्ज

नवभारत, जबलपुर। पाटन थाना अंतर्गत बिनैकी में एक नवविवाहिता ने ससुराल पक्ष के उत्पीड़न से तंग आकर जहरीली वस्तु खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। पुलिस ने मृतका के मृत्यु पूर्व दिए गए बयानों और मर्ग जांच के आधार पर आरोपी पति और सास के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पाटन एसडीओपी लोकेश डाबर के अनुसार, ग्राम बिनैकी निवासी 25 वर्षीय आकांक्षा पटेल ने 16 जून 2026 की सुबह लगभग 8:30 बजे अज्ञात जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 17 जून को दोपहर 1:10 बजे उनकी मौत हो गई थी। मर्ग जांच के दौरान यह बात सामने आई कि अस्पताल में इलाज के दौरान 16 जून 2026 को डॉक्टर एके वर्मा की उपस्थिति में कार्यपालिक दंडाधिकारी द्वारा मृतका आकांक्षा पटेल के मृत्यु पूर्व कथन दर्ज किए गए थे। अपने इस अंतिम बयान में आकांक्षा ने आपबीती सुनाते हुए कहा था कि शादी के बाद से ही उसकी सास जमुना बाई उसे आए दिन प्रताड़ित करती थी, ताने मारती थी और मारपीट करती थी। सास द्वारा उसके पति को भी लगातार भड़काया जाता था, जिससे पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता था। बयान के अनुसार, घटना से ठीक पहले आकांक्षा के माता-पिता भी दोनों परिवारों के बीच समझौता कराने और अपनी बेटी का घर बसाने के लिए ससुराल आए हुए थे। लेकिन सास जमुना बाई किसी भी तरह की समझौता के लिए तैयार नहीं हुई और विवाद करती रही। इसी रोज-रोज के मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न से पूरी तरह टूटकर आकांक्षा ने यह आत्मघाती कदम उठाया था।